राज्य शासन ने 15 नवीन शासकीय महाविद्यालय स्थापना को दी स्वीकृति

चर्चा में क्यों?

20 जून, 2023 को छत्तीसगढ़ के उच्च शिक्षा विभाग से मिली जानकारी के अनुसार राज्य शासन ने 2023-24 मुख्य मद में किये गए प्रावधानों के तहत प्रदेश में 15 नवीन शासकीय महाविद्यालय की स्थापना के लिये स्वीकृति प्रदान की है।

प्रमुख बिंदु

- जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के विधानसभा में दिये गए बजट भाषण में की गई घोषणा को अमल में लाते हुए छत्तीसगढ़ के दूरस्थ इलाकों सहित अन्य जगहों में कॉलेज की स्थापना के लिये राज्य शासन द्वारा स्वीकृति दी गई है।
- इसके साथ ही स्वीकृत प्रति महाविद्यालय के लिये 33 पदों के मान से 495 पदों के सृजन की स्वीकृति के साथ ही कक्षाएँ प्रारंभ करने की अनुमति प्रदान की गई है।
- राज्य शासन के द्वारा स्वीकृत नवीन महाविद्यालय के नाम-
  - नवीन शासकीय महाविद्यालय मर्दापाल, विकासखंड कोंडागांव, ज़िला कोंडागांव;
  - नवीन शासकीय महाविद्यालय, जेवरतला, विकासखंड डौंडीलोहरा, ज़िला बालोद;
  - नवीन शासकीय महाविद्यालय, चिल्हाटी, विकासखंड अंबागढ़ चौकी, ज़िला मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी;
  - नवीन शासकीय कन्या महाविद्यालय, ज़िला मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी;
  - नवीन शासकीय कन्या महाविद्यालय, ज़िला गरियाबंद;
  - नवीन शासकीय कन्या महाविद्यालय, ज़िला गौरेला-पेंड्रा-मरवाही;
  - नवीन शासकीय कन्या महाविद्यालय, ज़िला खैरागढ़-छुईखदान-गंडई;
  - नवीन शासकीय कन्या महाविद्यालय, ज़िला मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर;
  - नवीन शासकीय कन्या महाविद्यालय, ज़िला सारंगढ़-बिलाईगढ़;
  - नवीन शासकीय महाविद्यालय कुंडा विकासखंड पंडरिया, ज़िला कबीरधाम;
  - नवीन शासकीय महाविद्यालय केरा विकासखंड नवागढ़, ज़िला जांजगीर-चांपा;
  - नवीन शासकीय महाविद्यालय अर्जुनी, विकासखंड डोंगरगांव, ज़िला राजनांदगांव;
  - नवीन शासकीय महाविद्यालय अमलीडीह रायपुर, ज़िला रायपुर;
  - नवीन शासकीय महाविद्यालय माना कैंप रायपुर, ज़िला रायपुर;
  - नवीन शासकीय महाविद्यालय अकलतरी विकासखंड बिल्हा, ज़िला बिलासपुर।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/the-state-government-has-approved-the-establishment-of-15-new-government-colleges